कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.02.2025

विषय:- घटनास्थल पर पुलिस टीम पर हमला व तोड़फोड़ कर जनता में दहशत फैलाने के मामले में वांछित 04 नफ़र अभियुक्तगण को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-821/24 धारा 126(2),191(2),191(3),221,223,224,285,121,125,132,352,3(5),324(4) बी0एन0एस0 व 7 सीएलए एक्ट थाना चौबेपुर वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. धर्मेन्द्र राजभर पुत्र फूलचन्द्र निवासी शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, 2. विकाश राजभर पुत्र राजकुमार राजभर निवासी ग्राम कोदोपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, 3. सूरज राजभर पुत्र विनोद राजभर निवासी ग्राम शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी व 4. लल्लन राजभर पुत्र भूसी राजभर निवासी ग्राम शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक-08.02.2025 को भिन्न-भिन्न समय पर शाहपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 27.12.2024 को वादी मुकदमा उ0नि0 टुन्नू सिंह द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक-25.12.2024 को रात्रि करीब 19.30 बजे जरिए दूरभाष सूचना मिली कि शाहपुर पुलिया के पास एक्सीडेंट हो गया है, उक्त सूचना पर उ0नि0 टुन्नू सिंह तत्काल मौके पर पहुँचे घटनास्थल के पास काफी संख्या में लोग सड़क जाम किए हुए थे तथा एक व्यक्ति (मृतक) नात्थू प्रसाद राजभर पुत्र झूल्लन राजभर नि0 कोदोपुर (तलियां) थाना चौबेपुर वाराणसी की लाश क्षत-विक्षत पड़ी हुई थी, मृतक के शव का पोस्टमार्टम पंचायत नामा की कार्रवाई किए जाने हेतु तथा दुर्घटना कारित करने वाले चार पहिया वाहन को थाने ले जाने हेतु कहा गया तो मौके पर उपस्थित लोग उत्तेजित हो गए तथा दुर्घटना करने वाली वाहन की तोड़फोड़ करने लगे और आग लगाने का प्रयास करने लगे तो उ0नि0 टुन्नू सिंह द्वारा जारिये दूरभाष थाने से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई। थाने से प्रभारी निरीक्षक महोदय मय हमाराह मौके पर पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक थाना चौबेपुर वाराणसी के द्वारा भी मौके पर मौजूद लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया परंतु उन लोगों में से 01. रामाश्रम राजभर, 2. धर्मेंद्र राजभर, 3. सीजल, 4. सोनू व बाढ़ू, 5. बिन्दू राजभर, 6. रिंकू राजभर, 7. राजन राजभर, 8. सुरेंद्र पटेल, 9. पारस, 10. गोधन, 11. विशाल राजभर, 12. बादल राजभर, 13. दशरथ के 02 लड़के व विनोद का 01 लड़का नाम पता अज्ञात और करीब 100 से 150 व्यक्ति एक राय होकर भीड़ को उकसाते एवं ललकारते हुए पुलिस बल के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे तथा वर्दी उतरवाने की धमकी देते हुए हाथापाई करने लगे तथा सभी लोग उग्र होकर सड़क जाम कर आवागमन रोके हुए

थे, जिस कारण NH-31 का दोनों लेने जाम हो गया तथा अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लोग अपने वाहनों से उतरकर इधर-उधर भागने लगे, जिससे अराजकता का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना कारित करने वाले नामित व्यक्ति व करीब 100 से 150 व्यक्ति ईट-पत्थर चलाते हुए भाग गए, जिसमें उ0नि0 टुन्नू सिंह व उ0नि0 सुनील कुमार को भी गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद अधिकारीगणों के द्वारा काफी देर तक लोगों को समझाया-बुझाया गया तो माहौल शांत हुआ, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-821/24 धारा 126(2),191(2),191(3),221,223,224,285,121,125,132,352,3(5),324(4) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रभाकर सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. धर्मेन्द्र राजभर पुत्र फूलचन्द्र निवासी शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 24 वर्ष।
2. विकाश राजभर पुत्र राजकुमार राजभर निवासी ग्राम कोदोपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।
3. सूरज राजभर पुत्र विनोद राजभर निवासी ग्राम शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।
4. लल्लन राजभर पुत्र भूसी राजभर निवासी ग्राम शाहपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 52 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- ग्राम घुघरी रोड थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से दिनांक-02.08.2024 को समय करीब 11.20 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0-821/24 धारा 126(2), 191(2), 191(3), 221, 223, 224, 285, 121, 125, 132, 352, 3(5), 324(4) बी0एन0एस0 व 7 सीएलए एक्ट थाना चौबेपुर वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रभाकर सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 गुलशन कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 विशाल प्रसाद थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी